Regarding development of Sabeya Airport, Gopalganj, Bihar ? Laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : सबैया (हथुआ) एयरपोर्ट आरसीएस यू. डी. ए. एन. में शामिल है । यह 473 एकड़ में है जिसमें 280 एकड़ भूमि खाली है मेरे सांसद फंड से एयरपोर्ट की पिलरिंग हुई है । रक्षा संपदा विभाग दानापुर ने पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग के लिए 4 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति के बाद बाउंड्री एवं फेंसिंग का कार्य चालू है इस एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 167 मीटर है । केवल गोपालगंज सिवान जिले से सर्वाधिक संख्या में (लगभग 1.5 से 2 लाख) लोग खाड़ी देशों में नौकरी करते हैं । गोपालगंज जिसमें विदेशी मुद्रा का आगमन देश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है एवं बिहार में प्रथम है । इस एयरपोर्ट के चालू होने से गोपालगंज एवं आसपास के लगभग पांच जिलों का त्वरित विकास होगा । पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा । नेपाल से नजदीक होने के कारण इसका विशेष महत्व है । सबैया एयरपोर्ट पर कमर्शियल वायबिलिटी के साथ-साथ ट्रैफिक डिमांड भी है । उड़ान 5 बिडिंग राउंड्स तक कोई भी एयरलाइन ऑपरेटर सवैया एयरपोर्ट से उड़ान के लिए बिल्डिंग राउंड्स में शामिल नहीं हुए हैं । टर्मिनल बिल्डिंग डिजाइन का काम भी जरूरी है । अतः नागर विमानन मंत्री जी से निवेदन है कि सबैया एयर फील्ड हथुआ रूट पर ऑपरेशनल एक्टिविटी शुरू करने के लिए बिल्डिंग राउंड्स में एयरलाइन ऑपरेटर आमंत्रित किए जाएं ताकि सवैया एयरपोर्ट का रिवाइवल हो सके ।